प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे**
- **डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व रातापानी**
- **मुख्यमंत्री आज शहडोल में करेंगे एमपीटी के सरसी आइलैंड रिसोर्ट का उद्घाटन**
- **प्रदेशभर में कड़ाके की ठण्ड, 18 जिलों में आज शीत लहर का अलर्ट जारी**

**मुख्य सचिव सम्मेलन**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।**

**मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद को मजबूत करने और त्वरित विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है। पहला मुख्य सचिव सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था। इसके पश्चात दूसरा और तीसरा सम्मेलन क्रमशः जनवरी 2023 और दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई के लिए प्रारूप तैयार करने और उसे लागू करने पर बल दिया जाएगा।**

**पीएम प्रयागराज**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल कहा कि महाकुंभ 2025 एकता और समानता का ऐसा महायज्ञ होगा जो राष्ट्र का मार्गदर्शन करेगा और इसकी चर्चा पूरे विश्व में होगी। प्रधानमंत्री कल प्रयागराज के संगम क्षेत्र में महाकुंभ-2025 का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि**

प्रधानमंत्री ने कुंभ सहायक चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। जिसमें महाकुंभ मेला 2025 की गतिविधियों के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

रातापानी: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के रातापानी टाइगर रिजर्व का नाम विश्व विख्यात पुरातत्वविद डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा। रातापानी टाइगर रिजर्व में स्थित विश्व धरोहर भीमबेटका को डॉ. वाकणकर के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरुप ही पहचान प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल झिरी गेट से रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि देश के समस्त राज्यों की राजधानियों में भोपाल ही एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसके आंगन में टाइगर रिजर्व विद्वमान है।

उपराष्ट्रपति-मध्यप्रदेश दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय में भू-विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन और श्रीमंत जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

केन-बेतवा: सीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित मध्यप्रदेश दौरे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाएं सरकार के अथक प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा यह प्रदेश के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन परियोजनाओं को स्वीकृत किया और वे स्वयं इनका शिलान्यास करने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास 25 दिसंबर को खजुराहो, छतरपुर में आयोजित कार्यक्रम में और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना का शिलान्यास जयपुर (राजस्थान) में करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदी जोड़ो की राष्ट्रीय परियोजनाओं के साथ ही राज्य के भीतर भी नदियों को जोड़ने का कार्य निरंतर किया जाएगा।

## लोक अदालत

आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय बैतूल में लोक अदालत के दौरान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों और एन आई एक्ट प्रकरणों के निराकरण के लिए बीमा कंपनी के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ प्रीसिटिंगों का आयोजन होगा।

नगर निगम, भोपाल के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा के जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय और तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री उदघाटन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शहडोल में नव निर्मित सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का उद्‌घाटन करेंगे। बाणसागर डैम के बैक वॉटर पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्‌वारा रिजॉर्ट का निर्माण किया गया है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क और मैहर आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक विशेष सुविधा होगी। मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व अंतर्गत मऊगंज जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति योजना में 60 लाख विद्‌यार्थियों के बैंक खातों में 332 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

भारत में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के सॉफ्टवेयर संस्करण में आईआईटी खडंगपुर की 5 टीमों ने जीत हासिल की है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने वर्चुअल माध्यम से विजेताओं के नामों की घोषणा की। प्रत्येक विजेता को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि सौंपी गई। पूरे भारत से 17 टीमों को विजेता चुना गया है।

**मौसम**

**प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। मौसम केंद्र ने अगले 3 दिन भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। आज जबलपुर-सिवनी समेत 18 जिलों में कोल्ड वेव यानी, शीतलहर चलेगी। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार, नीमच, मंदसौर, धार, शाजापुर, राजगढ़, सागर, सिवनी, जबलपुर, कटनी, शहडोल, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में सर्द हवा चलेंगी। वहीं, सीहोर, रायसेन, विदिशा में सर्द हवा चलने के साथ कोल्ड डे भी रहेगा। नरसिंहपुर में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।**

**कल भोपाल में न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शाजापुर जिले के गिरवर में 3 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

vc dqN lekpkj la{ksi esa -----

- **विदिशा में आज शाम 4 बजे से आकांक्षी ब्लॉक जिला अन्तर्गत विभागीय सूचकांकों की प्रगति एवं भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विशेष परियोजना प्रस्तावों की प्रगति तथा संपूर्णता अभियान की प्रगति की समीक्षा बुलाई गई है।**
- **राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छिंदवाडा में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित जनकल्याण पर्व प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों, निर्णयों, कार्यों, अभियानों, जनहितैषी योजनाओं आदि के बारे में अवगत कराया गया है।**
- **गुना जिले के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसौदिया को शासकीय कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने, नियम विरूद्ध कार्य और गंभीर अनियमितता किये जाने के कारण निलंबित कर दिया गया है।**
- **डिंडोरी जिले में जनकल्याण पर्व के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ जनसाधारण तक सुलभ रूप से पहुंचाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जनकल्याण अभियान के तहत आ रहे आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर एन्ट्री कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया।**
- **अनूपपुर जिले में अवैध रूप से राज्य के बाहर से आने वाले धान एवं जिले से बाहर जाने वाले धान की अवैध खरीदी-बिक्री को रोकने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उड़नदस्ता दल का गठन किया है।**

vir e= e[; lekpkj ,d ckj fQj ----

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे**
- **डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा प्रदेश का आठवां टाइगर रिजर्व रातापानी**
- **मुख्यमंत्री आज शहडोल में करेंगे एमपीटी के सरसी आइलैंड रिसोर्ट का उद्घाटन**
- **प्रदेशभर में कड़ाके की ठण्ड, 18 जिलों में आज शीत लहर का अलर्ट जारी**

bl cqysfVu e= cl bruk gh] ueLdkjA

-------------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

**1 रातापानी: मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के रातापानी टाइगर रिजर्व का नाम विश्व विख्यात पुरातत्वविद डॉ. विष्णु वाकणकर के नाम से जाना जाएगा। रातापानी टाइगर रिजर्व में स्थित विश्व धरोहर भीमबेटका को डॉ. वाकणकर के अथक परिश्रम के परिणाम स्वरुप ही पहचान प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल झिरी गेट से रातापानी टाइगर रिजर्व का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि देश के समस्त राज्यों की राजधानियों में भोपाल ही एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसके आंगन में टाइगर रिजर्व विद्वमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि**

**2 केन-बेतवा: सीएम**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित मध्यप्रदेश दौरे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाएं सरकार के अथक प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा यह प्रदेश के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन परियोजनाओं को स्वीकृत किया और वे स्वयं इनका शिलान्यास करने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास 25 दिसंबर को खजुराहो, छतरपुर में आयोजित कार्यक्रम में और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना का शिलान्यास जयपुर (राजस्थान) में करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने**

कहा कि नदी जोड़ो की राष्ट्रीय परियोजनाओं के साथ ही राज्य के भीतर भी नदियों को जोड़ने का कार्य निरंतर किया जाएगा।

3 लोक अदालत

आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय बैतूल में लोक अदालत के दौरान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के प्रकरणों और एन आई एक्ट प्रकरणों के निराकरण के लिए बीमा कंपनी के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ प्रीसिटिंगों का आयोजन होगा।

नगर निगम, भोपाल के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा के जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय और तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है।

4 मुख्यमंत्री उदघाटन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शहडोल में नव निर्मित सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का उद्घाटन करेंगे। बाणसागर डैम के बैक वॉटर पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा रिजॉर्ट का निर्माण किया गया है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क और मैहर आने वाले पर्यटकों के लिए यह एक विशेष सुविधा होगी। मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व अंतर्गत मऊगंज जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति योजना में 60 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में 332 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे।

5 मौसम

प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है। मौसम केंद्र ने अगले 3 दिन भी शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। आज जबलपुर-सिवनी समेत 18 जिलों में कोल्ड वेव यानी, शीतलहर चलेगी। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार, नीमच, मंदसौर, धार, शाजापुर, राजगढ़, सागर, सिवनी, जबलपुर, कटनी,

**शहडोल, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में सर्द हवा चलेंगी। वहीं, सीहोर, रायसेन, विदिशा में सर्द हवा चलने के साथ कोल्ड डे भी रहेगा। नरसिंहपुर में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।**

**कल भोपाल में न्यूनतम तापमान 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शाजापुर जिले के गिरवर  में 3 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस  दर्ज किया गया।**

-----------------------------------